7

**The Judicial Accountability Bill, 2023**

**श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर):** सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि न्यायिक मानकों के निर्धारण तथा उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय अथवा जिला न्यायालय के न्यायाधीशों के उत्तरदायित्व का उपबंध करने तथा उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के दुर्व्यवहार अथवा अक्षमता संबंधी व्यक्तिगत परिवादों के अन्वेषण हेतु विश्वसनीय व समीचीन प्रणाली स्थापित करने तथा उक्त अन्वेषण प्रक्रिया के नियमितिकरण व किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद द्वारा राष्ट्रपति को एक समावेदन की प्रस्तुति तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है :

?कि न्यायिक मानकों के निर्धारण तथा उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय अथवा जिला न्यायालय के न्यायाधीशों के उत्तरदायित्व का उपबंध करने तथा उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के दुर्व्यवहार अथवा अक्षमता संबंधी व्यक्तिगत परिवादों के अन्वेषण हेतु विश्वसनीय व समीचीन प्रणाली स्थापित करने तथा उक्त अन्वेषण प्रक्रिया के नियमितिकरण व किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद द्वारा राष्ट्रपति को एक समावेदन की प्रस्तुति तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

**श्री सुधीर गुप्ता:** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

**माननीय सभापति:** आइटम नम्बर 207, डॉ. मनोज राजोरिया जी ।

**13.39 hrs**